बी सी एम स्कूल ,चण्डीगढ़ रोड लुधियाना

सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ बीसीएम फाउंडेशन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त

विषय -हिंदी **कार्य पत्रिका** **कक्षा - चौथी**

(1) गदयांश को पढ़ कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दो -

दीपावली शब्द में दो शब्द जुड़े हुए हैं- दीप+आवली अर्थात् 'दीपों की पंक्ति'। जब व्यक्ति प्रसन्न होता है अथवा दूसरे के लिए आदर प्रकट करना चाहता है तो वह उसका स्वागत 'दीपक' जलाकर करता है अर्थात इसके दवारा व्यक्ति अपने मन के प्रकाश को प्रकट करता है और यही दीपावली का वास्तविक अर्थ है। दीपावली मनाने के अनेक कारण हैं। कहा जाता है कि इसी दिन श्री राम लंका पर विजय प्राप्त करके तथा चौदह वर्ष का वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटे थे और उनके सम्मान में लोगों ने दीपक जलाकर उनका स्वागत किया था। ऐसा भी माना जाता है कि युधिष्ठिर ने इसी दिन अपने राजसूय यज्ञ की समाप्ति की थी। पौराणिक कथा के अनुसार इसी दिन सागर मंथन हुआ था और लक्ष्मी सागर से निकली थीं। इसी कारण इस दिन लक्ष्मी की पूजा की जाती है। दीपावली के दिन ही आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद तथा जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी को निर्वाण प्राप्त हुआ था। यही कारण है कि दीपावली का त्योहार किसी संप्रदाय विशेष से जुड़ा हुआ नहीं है-इसे सभी मिल-जुलकर मनाते हैं।

प्रश्न (१) - श्री राम कितने वर्ष का वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटे थे ?

उत्तर- (क) चौदह   (ख) चार   (ग) चौबीस   (घ) चवालीस

प्रश्न (२) - दीपावली के दिन आर्य समाज के किस संस्थापक को निर्वाण प्राप्त हुआ था ?

उत्तर- (क) स्वामी श्रद्धानंद   (ख) स्वामी दयानंद   (ग) स्वामी हंसराज   (घ) स्वामी विवेकानंद

प्रश्न (३) - समानार्थक शब्द चुनें-

(क) समुद्र-   (ख) दिवस-   (ग) सम्मान-   (घ) दीया-

प्रश्न (४) - विलोम शब्द-

(क) निरादर-   (ख) रात-   (ग) अपमान -   (घ) प्रारंभ-

प्रश्न (५)- गदयांश में से दो संज्ञा व दो सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखें ---

(2) पेड़ की पत्तियों पर कई तरह के शब्द लिखे हैं। उनमें से संज्ञा शब्द चुनकर लिखो -

संज्ञा शब्द

(3) चित्र को सही संज्ञा शब्द के साथ जोड़ो -